अध्याय–1
विभागीय कार्यकलापों की संक्षिप्त टिप्पणी

परम उद्देश्य (Vision) – **" सबके लिये स्वास्थ्य " (Health for all)**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य में जनसामान्य को सस्ती दरों पर प्राथमिक एवं द्वितीय स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ–साथ संचारी व गैर–संचारी रोगों की रोकथाम किया जाना हैं।

प्राथमिक स्तर की चिकित्सा सुविधा– राज्य के ग्रामीण , दुर्गम एवं अतिदुर्गम क्षेत्रों में 258 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 322 राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों तथा 23 ग्रामीण महिला चिकित्सालयों के माध्यम से प्राथमिक स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त राज्य में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत 1848 उपकेंद्रों के माध्यम से मातृ एवं शिशु कल्याण की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इनमें से दुर्गम एवं असेवित क्षेत्रों में स्थित 539 उपकेंद्रों पर फामासिस्ट की तैनाती कर सामान्य/प्राथमिक चिकित्सा सहायता (First Aid) की सुविधा प्रदान की जा रही है।

द्वितीय स्तर की चिकित्सा सुविधा– राज्य में 38 बड़े चिकित्सालयों व 59 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो द्वारा जनसामान्य को द्वितीय स्तर की चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त दून चिकित्सालय, देहरादून, बेस चिकित्सालय श्रीनगर एवं अल्मोड़ा में "रीजनल डायगोनोस्टिक सेंटर" की स्थापना की गई है ताकि जनसामान्य को कम मूल्य पर पर उत्कृष्ठ विशिष्ट चिकित्सा सुविधायें प्राप्त हो सकें। यात्रा मार्गों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों व अन्य स्थानों पर दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के त्वरित एवं प्रभावी उपचार हेतु दून चिकित्सालय देहरादून तथा बेस चिकित्सालय श्रीनगर में ट्रोमा सेंटर क्रियाशील है। इसके अतिरिक्त वर्तमान वित्तीय वर्ष 2011–12 में दोफाड जनपद बागेश्वर में पी0एच0सी0 की स्थापना, जिला चिकित्सालय चम्पावत में 60 शैया युक्त चिकित्सालय की स्थापना, गोविन्दसिंह महरा राजकीय चिकित्सालय रानीखेत जनपद अल्मोडा में आकस्मिक सेवाऐं हेतु 15 शैयायुक्त टामा सेन्टर की स्थापना कर दी गई है। चार नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालाढुंगी (30शैय्यायुक्त) जनपद नैनीताल, सुयालबाड़ी (10शैय्यायुक्त) जनपद नैनीताल, रामगढ़ (10शैय्यायुक्त) जनपद नैनीताल तथा भीमताल (30शैय्यायुक्त) जनपद नैनीताल स्थापना की गयी है। (अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कालाढुंगी, सुयालबाड़ी, तथा रामगढ़, जनपद नैनीताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उच्चीकरण किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमताल एवं महिला चिकित्सालय भीमताल जनपद नैनीताल का संविलियन/उच्चीकरण करते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमताल (30शैय्यायुक्त) की स्थापना की गयी है जिला चिकित्सालय चम्पावत में 60 शैय्यायुक्त चिकित्सालय की स्थापना की गयी। श्री रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर को 60शैय्या से 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय के रूप में उच्चीकृत करते हुय राज्य के दुर्गम एवं असेवित क्षेत्रों में लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उत्तराखण्ड स्वास्थ्य विकास प्रणाली द्वारा प्रत्येक जनपद के लिए सचल चिकित्सा वाहन क्रय किए गए, जिसका संचालन प्रत्येक जनपद में किया गया है, जिनमें

अल्टासाउण्ड, एक्स–रे, ई0सी0जी0 व ऑटो एनेलाईजर की सुविधा उपलब्ध है। चिकित्सा वाहनो का संचालन पी0पी0पी0 मोड में किया जा रहा है। जनपद उत्तरकाशी एंव चमोली में फर्म राजभरा मेडिकेयर व अन्य 11 जनपदों में फर्म– डा0 जैन वीडियो ऑन व्हील्स द्वारा वाहनों का संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 13 सचल वाहन क्रय किये गये है। इसके अतिरिक्त जनपद नैनीताल में यू0एस0ए0आई0डी0 के सहयोग से तथा गढ़वाल मण्डल के जनपद चमोली व टिहरी के दो–दो विकास खण्डों में " सेहत की सवारी " नामक सचल चिकित्सालय के द्वारा स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करायी जा रही हैं।

3– तृतीय स्तर की चिकित्सा सुविधा– वर्तमान में राज्य में 02 राजकीय मेडिकल कालेज व 02 निजी क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। तृतीय स्तर की चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण करने के लिये जनपद देहरादून, अल्मोड़ा तथा उधमसिंहनगर में मेडिकल कालेज की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

4–ड्रग्स एंड कास्मेटिक एक्ट 1940 के अन्तर्गत औषधि नियंत्रण संगठन की स्थापना की गई है। इस संगठन द्वारा राज्य में औषधि निर्माताओं, थोक विक्रेताओं, फुटकर विक्रेताओं तथा ब्लड बैंकों को लाईसेंस निर्गत किया जाता है तथा नियमानुसार इनके नियमन की कार्यवाही की जाती है।

5–खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम के लिये सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाये गये है तथा राज्य की पहली औषधि एवं खाद्य विश्लेषणशाला की स्थापना रुद्रपुर जनपद उधमसिंहनगर में की गई है। यह विश्लेषणशाला विशेष तौर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को कम करने में सहायक होगी।

6–अन्य सुविधायें– राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों यथा–राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, वैक्टर जनित रोग उन्मूलन कार्यक्रम, आयोडीन अल्पता निवारण कार्यक्रम, परिवार कल्याण एवं मातृ–शिशु सुरक्षा कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। राज्य में संचारी एवं गैर संचारी रोगों के प्रसार में एवं निगरानी के लिये इंटीग्रेटेड डिजीज सर्वेलेंस प्रोजेक्ट प्रभावी तौर पर क्रियाशील है। इसके अतिरिक्त पल्स पोलियो अभियान टीकाकरण अभियान, एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरुकता में वृद्धि तथा नियमित टीकाकरण जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियॉ सरकार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

शासनादेश संख्या 04/XXVIII.2.2008.191/2004 चिकित्सा अनुभाग–2, दिनांक 24 जनवरी 2008 द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 विभाग का ढांचा स्वीकृत किया गया है।

उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय का संगठनात्मक ढांचा



विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनायें/कार्यक्रम

- राज्य का प्रथम सरकारी मेडिकल कालेज, श्रीनगर (गढ़वाल) में स्थापित किया गया है। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के नाम से कार्यशील इस मेडिकल कॉलेज के तीन सत्र पूर्ण हो चुके है। इस मेडिकल कॉलेज में मात्र रू0 15000.00 वार्षिक शिक्षण शुल्क देकर राज्य के 100 युवाओं को चिकित्सक बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इतनी कम फीस में मेडिकल शिक्षा देने वाला सम्भवतः यह देश का प्रथम मेडिकल कॉलेज है।

- राज्य सरकार द्वारा डॉ0 सुशीला तिवारी वन स्मारक चिकित्सालय, हल्द्वानी का राजकीयकरण करते हुए इसे राज्य के दूसरे मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित किया गया है। जहॉ से प्रति वर्ष 100 छात्रो को चिकित्सा शिक्षा देकर एम0बी0बी0एस की डिग्री के लिए प्रवेश दिया जा रहा है।

- संकट की घड़ी में जनता को आकस्मिक चिकित्सा सहायता पहुँचाने तथा नजदीकी चिकित्सालय तक ले जाने के लिए 108– आपातकालीन निःशुल्क सेवा प्रारम्भ की गयी है।

गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे व्यक्तियों को उपलब्ध सेवाए।

- बी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को बीमारी के दौरान नकदरहित चिकित्सा सहायता देने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत बी0पी0एल0 परिवार को प्रतिवर्ष रू0 30,000.00 की चिकित्सा सहायता दी जा रही है, जिसके लिए सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों को चिन्हित किया गया है।

आरोग्य विश्रामगृह योजना

- राज्य सरकार द्वारा विगत वर्षों से दिल्ली स्थित बड़े चिकित्सा संस्थान में उपचार के लिए सन्दर्भित उत्तराखण्ड के रोगियों के परिचरों के रहने के लिये विश्रामगृह की व्यवस्था की गई है, जिसके अन्तर्गत विगत 03 वर्षों में 987 व्यक्तियों को लाभ दिया गया है।
- इसी प्रकार की व्यवस्था राज्य के अन्तर्गत समस्त बड़े चिकित्सालयों के लिए भी की जा रही है, जिसे वित्तीय वर्ष 2011–12 में क्रियान्वित किया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाएं

- इस मिशन के अन्तर्गत राज्य में कुल 11086 "आशा कार्यकर्ताओं" की नियुक्ति की गयी है। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रसव हेतु गर्भवती माता एवं संकटग्रस्त नवजात शिशु को त्वरित उपचार के लिए सहायक के रूप में कार्य करने से चिकित्सा सेवाओं में सुधार हुआ है। 'जननी सुरक्षा योजना' के द्वारा गर्भवती ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के उपरान्त लाभार्थी महिला को रू0–1400 की धनराशि मानदेय के रूप में दी जाती है। नगरीय क्षेत्रों में यह धनराशि 1000 रू0 है। साथ ही साथ उक्त लाभार्थियों को प्रोत्साहित करने वाली आशा कार्यकर्त्रियों को प्रति लाभार्थी रू0 600 की धनराशि ग्रामीण क्षेत्रों में एवं रू0 200 की धनराशि नगरीय क्षेत्र में दी जाती है।

द्वितीय एवं तृतीय स्तर की चिकित्सा सेवाओं का विकास–

- राजकीय चिकित्सालयों में सघन उपचार को आधुनिक बनाने की पहल करते हुये दून चिकित्सालय, देहरादून में एम0आर0आई मशीन की सुविधा लोक निजी सहभागिता के आधार पर प्रारम्भ की गयी है।एम0आर0आई0 की सुविधा बी0पी0एल0 श्रेणी के रोगियों को निःशुल्क तथा ए0पी0एल0 श्रेणी के रोगियों को एम्स की दरों पर दी जा रही है।
- चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विकास हेतु देहरादून स्थित दून चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय को संयुक्त रूप से दून मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित एवं विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।
- राज्य का प्रथम नर्सिंग महाविद्यालय देहरादून में स्थापित करते हुए इसका पहला सत्र प्रारम्भ हो गया है।
- पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, देहरादून में लोक निजी सहभागिता के आधार पर नेफ्रोडायलिसिस सेन्टर स्थापित किया गया है। वर्ष–2011–12 में 6776 रोगियों का उपचार इस यूनिट में किया गया है जिसमें से 3318 रोगी बी0पी0एल0 श्रेणी के हैं।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नवजात शिशुओं की देखभाल एवं सुरक्षा के लिए महिला चिकित्सालय, देहरादून तथा महिला चिकित्सालय, हल्द्वानी में Sick New Born Care Unit (SNCU) की स्थापना की गयी है।

असेवित एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा उपचार तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच–

- राज्य सरकार द्वारा 13 जनपदों में अति आधुनिक उपकरणों एवं चिकित्सकों से युक्त सचल चिकित्सा वाहनों का संचालन किया जा रहा है।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा 13 जनपदों में एन0जी0ओ0 के माध्यम से सचल चिकित्सा वाहन कार्य कर रहे हैं, इसके अतिरिक्त बिरला इंस्टीटयूट भीमताल (नैनीताल) द्वारा संचालित टाइफैक मॉडल के सचल चिकित्सा वाहनों द्वारा भी असेवित क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं दी जा रही है।
- चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए राज्य में स्थित राजकीय ऐलौपैथिक डिस्पेन्सरी पर 163 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को नियुक्ति प्रदान की गयी है।

- **मुख्य मंत्री सुदूरवर्ती स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण योजना**– यह योजना दिनांक 19 नवम्बर 2009 को मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा घोषित की गई। इस योजना के अंतर्गत राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों/ग्रामों में जहॉ पर किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधायें नहीं हैं, उन ग्रामों में स्वास्थ्य सहायक चिन्हित किये गये हैं। सुदूरवर्ती स्वास्थ्य सहायकों को EMRI 108 सेवा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 2017 सुदूरवर्ती स्वास्थ्य सहायकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित सुदूरवर्ती स्वास्थ्य सहायकों को Schedule K की औषधियों से युक्त किट दिया गया है।
- **अटल आदर्श ग्राम योजना**– इस योजना के अंतर्गत राज्य के न्याय पंचायत मुख्यालयों को सभी प्रकार की सुविधाओं से संतृप्त किया जाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2011–12 में राज्य के 82 असंतृप्त न्याय पंचायत मुख्यालयों पर परिवार कल्याण उपकेंद्रों की स्थापना की गई। इन उपकेंद्रों हेतु किराये पर भवन की व्यवस्था कर ली गई है। उपकेन्द्रों हेतु .247 ए0एन0एम0 की चयन प्रक्रिया पूर्ण करते हुये चयनित ए0एन0एम0 की सूची सभी सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारियों को नियुक्तिपत्र निर्गत किये जाने हेतु प्रेषित कर दी गयी है।

- **स्कूली बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण–**

राज्य सरकार द्वारा 12500 प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु **चिरायु** स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रत्येक जनपद पर स्कूल हैल्थ टीम का गठन किया गया है।

- **किशोरावस्था के स्वास्थ्य की देखभाल –**
- राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य की देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिसके अन्तर्गत स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से 4 जनपदों के 18 विकासखण्डों में किशोर–किशोरियों के समूह बनाकर उन्हें किशोरावस्था के स्वास्थ्य की देखभाल पर प्रशिक्षण दिया गया हैं।
- इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011–12 में प्रत्येक जनपद के दो–दो विकासखण्डों को सम्मिलित कराते हुये कुल 45 विकासखण्डों में यह कार्यक्रम चलाया गया।

- **राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण व रोक थाम कार्यक्रम**– 174 बधिरता ग्रस्त बच्चों को हेयरिंग एड्स बॉटे गये।
- **राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम–** एच0आई0एच0टी0 जौलीग्रांट देहरादून में चिकित्सा अधिकारियों व उपचारिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया।

विभाग में महिलाओं के सम्बंध में किये जा रहे कार्यक्रम–

1. **जननी सुरक्षा योजना–** उक्त योजना के अर्न्तगत संस्थागत प्रसव को बढावा देने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के उपरान्त लाभार्थी महिला को रू0–1400 की धनराशि मानदेय के रूप में दी जाती है। नगरीय क्षेत्रों में यह धनराशि 1000 रू0 है। साथ ही साथ उक्त लाभार्थियों को प्रोत्साहित करने वाली आशा कार्यकर्त्रियों को प्रति लाभार्थी रू0 600 की धनराशि ग्रामीण क्षेत्रों में एवं रू0 200 की धनराशि नगरीय क्षेत्र में दी जाती है।
2. **न्यूट्रीस्नल वेनिफिट स्कीम** के अर्न्तगत गरीबी रेखा से नीचे आने वाली गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान रू0 500 की धनराशि दी जाती है।
3. **महिला नसबन्दी–** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रत्येक महिला लाभार्थी को नसबन्दी के उपरान्त रू0 600 प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कैम्प (आर0सी0एच0 कैम्प)– ब्लॉक स्तर पर आयोजित किये जाने वाले इन कैम्पों में गर्भवती महिलाओं की चिकित्सा जांच, टैटनेस टीकाकरण, आयरन टेबलेट वितरण, यौन जनित रोगों का उपचार तथा मातृ एवं शिशु कल्याण एवं परिवार नियोजन से सम्बन्धित सुविधायें। जैसे कि कॉपर टी, गर्भ निरोधक गोलियां , नसबन्दी आदि सेवायें प्रदान की जाती हैं।

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– यह दिवस प्रत्येक माह में एक बार प्रत्येक आंगनबाडी पर आयोजित किया जाता है जिसमें ए0एन0एम0, आंगनबाडी कार्यकर्त्री एवं आशा कार्यकर्त्री सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। उक्त दिवस में महिलाओं को गर्भावस्था एवं प्रसव से सम्बन्धित जानकारी, स्तनपान से सम्बन्धित जानकारी, आयरन टेबलेट वितरण, बच्चों का चिकित्सकीय जांच तथा कुपोषित बच्चों का उपचार /संदर्भण आदि सेवायें प्रदान की जाती हैं। वर्ष–2011–12 में कुल 64414 ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों का आयोजन किया गया।

S.N	INDICATOR	CURRENT STATUS Uttarakhand	Goal 2012	Current status India
1	Infant Mortality Rate	38 / 1000 (SRS 2011)	30/1000	50/1000 (SRS 2011)
2	Complete Immunization	60% (NFHS III) 75.8 % (CES 2009)	100 %	43% (NFHS III)
3	Maternal Mortality Rate	188 /Lakhs (AHS 2011)	100/Lakhs	212/Lakh (SRS 2007-09)
4	Institutional Delivery	36% (NFHS III) 56% (State Data 2011-12)	80%	41% (NFHS III)
5	Total Fertility Rate	2.55 (NFHS III)	2.1	2.7 (NFHS III)
6	Sex Ratio	963/1000 (census 2011)	1:1	940/1000
7	Sex Ratio (0-6)	886/1000 (census 2011)	1:1	942/1000
8	Prevalence of Leprosy	0.38/10000	<1/10000	0.88/10000
9	No of FRU's to made functional (DH/SDH/CHC	23	72	
10	No of PHC to be made functional as 24X7X365	94	120	
11	Sustain 85% cure rate under TB DOTs			Cure rate >85%

अध्याय–2

विभाग द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2012–13 की प्रत्येक योजना के सम्बंध में सूचना

आउटकम बजट वित्तीय वर्ष 2012–13 (रु0 हजार में)

योजना/कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/नान बजटरी	
निदेशन तथा प्रशासन	विभाग में मानव संसाधन की समुचित व्यवस्था किया जाना। विभाग के विभिन्न कार्यों हेतु नीति निर्धारण। विभाग की पंचवर्षीय /वार्षिक योजना तैयार कराना तथा एन0आर0एच0एम0 के अंतर्गत राज्य कार्ययोजना तैयार कराकर भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना।	193347	361	आवश्यकतानुसार नये पदों का सृजन। प्रा0स्वा0केन्द्र, छाम जनपद टिहरी गढ़वाल को सामु0स्वा0केन्द्र के रूप में उच्चीकरण किया जाना है। जिसके लिए निम्न पद प्रस्तावित है। चिकित्साधिकारी– 11 पैरामेडिकल/अन्य 13 प्रा0स्वा0केन्द्र, नानकमता, उधमसिंहनगर को 10 शैय्यायुक्त चिकित्सालय के रूप में उच्चीकरण किया जाना है तथा जिसमें निम्न पद प्रस्तावित है। चिकित्साधिकारी– 11 पैरामेडिकल/अन्य 16 प्रा0स्वा0केन्द्र, ज्वालापुर, हरिद्वार तथा प्रा0स्वा0केन्द्र, बैरीनाग एवं महिला चिकित्सालय, बैरीनाग को संविलियन/उच्चीकरण करते हुये 10 शैय्यायुक्त चिकित्सालय के रूप में उच्चीकरण किया जाना है तथा जिसमें निम्न पद प्रस्तावित है।		वर्ष–2013	मानव संसाधन की समस्याओं को दूर करना। जिसके लिए विभिन्न नियुक्ति प्रक्रियाएं लागू की जा रही है। **भरे जाने हैः–** सीनियर मेडिकल ऑफिसर– 64 मेडिकल ऑफिसर– 794 लेडी मेडिकल ऑफिसर–145 लैब टक्नीशियन–155 स्टाफ नर्स–53 एल0एच0पी0–02 ए0एन0एम0–187		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
				चिकित्साधिकारी– 20 पैरामेडिकल/अन्य 17 ट्रामा सेन्टर, प्रा0स्वा0केन्द्र, कण्डीसौड़ (छाम) जनपद टिहरी गढ़वाल का सृजन। निम्न पद प्रस्तावितः– चिकित्साधिकारी– 11 पैरामेडिकल/अन्य 22 परिवार कल्याण उपकेन्द्रों के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरूष) प्रस्तावित पद– 910 सम्भागीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, मोतीनगर, हल्द्वानी जनपद नैनीताल का उच्चीकरण । कुल पद प्रस्तावित– 25				
अस्पताल तथा औषधालय	जनसामान्य को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बड़े चिकित्सालयों का निर्माण एवं स्थापना तथा सुदृढ़ीकरण/ उच्चीकरण।	2997435	956646	**निर्माण कार्यः–** सब सेन्टर– 62(50+10+2) प्रा0स्वा0केन्द्र– 05(3+1+1) एस0ए0डी0– 08(5+2+1) सामु0स्वा0केन्द्र– 02 ब्लड बैंक– 01 पोस्ट मार्टम से0– 02 **स्थापित किये जाने हैः–** ट्रामा सेन्टर– 02 अति0प्रा0स्वा0केन्द्र– 11(8+2+1) सामु0स्वा0केन्द्र– 07(6+1)			–शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में **द्वितीय** तथा **प्राथमिक स्तर** की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना। –राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित चिकित्सालयों में आकस्मिक सेवाओं का उच्चीकरण (ट्रोमा सेंटर) की स्थापना ताकि आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रोगियों उच्च कोटि की चिकित्सा सुविधा होगी ।		

योजना / कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट / नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट / नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट / नान बजटरी	
				इसके अतिरिक्त चार नये जिलों में चार नये जिला अस्पताल व सी0एम0ओ0 ऑफिस बनाये जाने है।					
प्रशिक्षण	आर0सी0एच0 / परिवार कल्याण की सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये चिकित्सा अधिकारियों / पैरामेडिकल एवं तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षण।		24472	चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण– LSAS - 10 EmOC -12 BEmOC -20 SBA -300 MTP -20 RTI/STI -300		मार्च 2013	चिकित्साधिकारियों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के तकनिकी कौशल में वृद्धि। परिवार कल्याण उपकेन्द्रों में प्रशिक्षित ए0एन0एम0 की भर्ती।		
परिवार कल्याण कार्यक्रम	राज्य जनसंख्या नीति 2002 तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अनुसार जनसंख्या स्थिरीकरण लक्ष्य को प्राप्त करना।	306955	1152427	–मातृ एवं शिशु कल्याण सेवाओं के अन्तर्गत गर्भवती माताओं का शत–प्रतिशत पंजीकरण करना। –उनका प्रसव से पूर्व एवं पश्चात नियमित टीकाकरण करना तथा सुरक्षित प्रसव हेतु प्रशिक्षण देना। –जनसंख्या स्थरीकरण हेतु नसबन्दी, कापर–टी, ओरल पिल्स तथा निरोध की व्यवस्था करना। – स्थानीय महामारियों सहित संचारी और गैर संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण। –एकीकृत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या की सुलभता। –आयुष को मुख्य धारा का अंग बनाना।		मार्च 2013	–आई0 एम0 आर 35 प्रति एक हजार। –एम0एम0 आर 168 प्रति एक लाख। –टी0एफ0 आर 2.4 मातृ स्वास्थ्य– संस्थागत प्रसव(%)– 56प्रतिशत 24x7 सुविधाएं(सब डिस्ट्रीक्ट)– 175(9 SDH+46 CHC+120 PHC) कार्यात्मक प्रथम रेफरल यूनिट– 53 बाल स्वास्थ्य– ARSH–सभी 13 जिलों में। बीमार नवजात केयर यूनिट– 05		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
				– प्रथम सन्दर्भण ईकाईयों के उपयोग को 20 प्रतिशत से बढाकर 75 प्रतिशत तक लाना। – आशा कार्यकर्ता के माध्यम से स्वास्थ्य परिचर्या को बढावा देना।					
अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ	– राज्य में मानसिक रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।	16089	62997	राज्य के सभी मुख्य चिकित्सालयों में मनोरोग विशेषज्ञ के पद का सृजन किया जाना। मनोरोगियों को सामान्य रोगियों की भांति उपचार प्रदान करने हेतु राज्य के सभी मुख्य चिकित्सालयों में मनोरोग विशेषज्ञ के पद का सृजन प्रस्तावित है।			मनोरोग विशेषज्ञों की उपलब्धता सभी जिलों में करना।		
	–तीर्थ यात्रियों को यात्राकाल में चिकित्सा सुविधा तथा स्वच्छता उपलब्ध कराया जाना।			चारधाम यात्रा के लिए चार जिलों (टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली व रूद्रप्रयाग) में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बजट का प्रबन्ध।			राज्य व राज्य के बाहर से आये तीर्थ यात्रियों को उचित चिकित्सा सुविधा व राज मार्गों में स्वच्छता बनाये रखना।		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	–जन्म–मृत्यु पंजीकरण प्रणाली का सुदृढीकरण।			जन्म मृत्यु का शत प्रतिशत पंजीयन करना।			भविष्य की योजनाओं हेतु उचित आकड़े उपलब्ध होना।		
	– चिन्हित घातक बिमारियों से ग्रसित गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को चिकित्सा उपचार हेतु 1.5 लाख तक की सीमा तक आर्थिक सहायता।			बी0पी0एल0 परिवारों को रू0–1.5 लाख तक की सीमा तक चिन्हित घातक बीमारियों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना।			बी0पी0एल0 परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक सहायता प्रदान करना।		
	– राज्य में चिकित्सा स्वास्थ्य क्षेत्र में विशिष्ट चिकित्सा/ निदान सुविधाओं के गैप को पूर्ण सार्वजनिक निजी सहभागिता के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन।			संयुक्त चिकित्सालय, कोटद्वार एवं पिथौरागढ़ में डायग्नोस्टिक सेन्टर की स्थापना। चुनिन्दा चिकित्सालयों एवं सी0एच0सी0 का संचालन लोक निजी सहभागिता के अन्तर्गत।			राज्य के निवासियों को कार्डियोलोजी, नैफ्रोलोजी तथा विशिष्ट निदान एवं डायगोनोस्टिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करना।		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	–औषधियों की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु राज्य में केन्द्र सरकार द्वारा विहित औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अन्तर्गत औषधि निर्माण / विक्रय / लाईसेन्सों की स्वीकृति/ नवीनीकरण/ निरस्तीकरण तथा अधोमान औषधियों के सम्बन्ध में वाद दायर करना।			–औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही। –राज्य औषधि एवं खाद्य प्रयोगशाला का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा।			भारत सरकार की कैपेसिटी बिल्डिंग परियोजना के अन्तर्गत औषधि एवं खाद्य प्रयोगशाला क्रियाशील की जा चुकी है। तथा अब उसमें विश्लेषण हेतु अतिआवश्यक उन्नत उपकरण एवं मशीनें भी स्थापित की जा चुकी है। जिससे आने वाले समय में अधिकाशं औषधि नमूनों का विश्लेषण राज्य की प्रयोगशाला में ही किया जा सकेगा।		
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण योजनाएं एवं उनका प्रचार–प्रसार	– लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर आधारित कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करना ताकि जनसामान्य में इन समुचित	306955	917048	सहस्त्राब्दि के स्वास्थ्य विषयक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए संचार रीति–नीति का क्रियान्वयन। संचारी तथा गेर संचारी रोगों से बचाव के लिये स्वास्थ्य शिक्षा का प्रसार। राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का प्रचार–प्रसार।			राज्य में लक्षित वर्ग समूह के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं सेवाओं की जानकारी पर आधारित सम्प्रेषण गतिविधियां।		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	कार्यो का लाभ मिल सके एवं समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं की मॉग में वृद्धि उत्पन्न हो।								
चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसन्धान	–चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड की स्थापना। – राज्य में नर्सो की संख्या में बढोतरी करना। –जी0एन0एम0 स्कूलों की स्थापना। –ए0एन0एम0 स्कूलों की स्थापना। – पैरामेडिकल/ नर्सिंग प्रवेश परीक्षा हेतु सहायता।	2932453	166956	राज्य के गरीब एवं मेधावी छात्र एवं छात्राओं को रोजगार के सर्वोच्च अवसर प्रदान करते हुए कुशल/सक्षम चिकित्सा शिक्षा निदेशालय का गठन किया जाना। नर्सिग कॉलेज का निर्माण (पिथौरागढ, अल्मोडा, टिहरी, पौडी एवं चमोली)। (नैनीताल, चमोली, पिथौरागढ एवं हरिद्वार) (बागेश्वर, चम्पावत, रूद्रप्रयाग,टिहरी एवं उत्तरकाशी)।		राज्य में तृतीय स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य में तृतीय स्तर की चिकित्सा सुविधा के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में तीव्रता आयेगी। राज्य में चिकित्सकों, नर्सिंग कार्मिक तथा ए0एन0एम0 , जी0एन0एम0 की कमी दूर करना।		मार्च 2013 चरणबद्ध रूप से 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत।

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
राष्ट्रीय कार्यक्रम (राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन)	**1 पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम** के अंतर्गत पूर्ण उपचार के बाद 85 प्रतिशत से अधिक रोग मुक्त होना। 2 बलगम धनात्मक रोगियों की व्यापकता दर (95 प्रति लाख) में से रोगी खोजे जाने की दर 70 प्रतिशत से अधिक। **–राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम** के अंतर्गत कुष्ठ रोग की व्यापकता दर 01 या 01 से कम प्रति 10 हजार प्राप्त करना। –ए.एन.सी.डी.आर. (Annual New Case Detection Rate) को 10 प्रति	263731	53325	1. ट्रीटमैन्ट सक्सेज दर 85 प्रतिशत 2. रोगी खोजे जाने की दर 67 प्रतिलाख लाना। डी0पी0एम0आर0 सर्विसिज एम0सी0आर0 फुटवियर बी0पी0एल0 मरीजों के लिए आर0सी0एच0 के तहत वैलफेयर भत्ता कम से कम तीन शहरों में लैपरोसी कार्यक्रम चलाना है। 95 ब्लॉक एम0ओ0 को ब्लॉक स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण। 1300 ए0एन0एम0 को एक दिवसीय		सभी जिलों में क्योर दर 85 प्रतिशत से अधिक करना। सभी जिलों से कुष्ठ रोग का उन्मूलन। विकलांगता की रोकथाम से ग्रेड–2 विकलांगता को कम करना। जल्दी मामलों का पता लगाने में सुधार। मामले प्रबंधन में सुधार। निगरानी, पर्यवेक्षण, और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार।		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	लाख से कम लाना। – Disability Prevention and Medical Rehabilitation (डी0पी0एम0आर) कार्ययोजना के अंतर्गत सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा डी0पी0एम0आर0 की सेवायें उपलब्ध कराना जिसके अंतर्गत कुष्ठ रोगियों में विकलांगता न हो। **–राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम** के अंतर्गत अंधता की व्यापकता दर 0.8 प्रतिशत लाना।			प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन वाहनों का क्रय। जिला व राज्य स्तर पर संविदा पर कर्मचारियों को रखना। मोतिया बिन्द ऑपरेशन 55000 प्रतिवर्ष स्कूल आई स्क्रीनिंग टैस्ट 200000 प्रतिवर्ष गरीब बच्चों को निःशुल्क चश्मे 4000 प्रतिवर्ष महिला मण्डल युवक मंगल दल, आगनबाड़ी कार्यकर्ती सुदूरवर्ती स्वास्थ्य सहायक व आशा की भागीदारी व प्रशिक्षण देना। मोतिया बिन्द के साथ ग्लूकोमा तथा डायबेटिक रेटीनोपैथी के रोगियों का चिन्हिकरण व इलाज प्रस्तावित है।			गांधी शताब्दी नेत्र संस्थान का निर्माण पूर्ण होने पर नेत्र संबंधी विशिष्ठ चिकित्सा तथा पं0दीन दयाल उपाध्याय नेत्र कोष का लाभ जनता को मिलेगा। आगामी वर्ष हेतु– 07 – ऑटो रैफ 02 – फैको 09 – आपरेटिंग माईक्रोस्कोप 02 – यॉग लेजर 01 – ऑटोमेटिड पैरीमीटर	

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	–आयोडीन डिफिशियेंसी डिसआर्डर कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत वर्ष 2012 तक वर्तमान व्यापकता दर 50 प्रतिशत करने हेतु आयोडीन युक्त नमक की उपलब्धता			मोतिया बिन्द व ट्रैकोमा, केसों की अधुनान्त स्थिति ज्ञात करने के लिए पचास वर्ष से अधिक उम्र के लोगों व 1–9 वर्ष के बच्चों का सर्वेक्षण प्रस्तावित है। चम्पावत में डैडिकेटड नेत्र वार्ड तथा ऑपरेशन थियेटर बनाना प्रस्तावित है। चार नेत्रदान केन्द्र (श्रीनगर, हल्द्वानी, पंतनगर व ऋषिकेश) प्रस्तावित है। एक नेत्र कोष कुमाऊॅ मण्डल में स्थापित करना प्रस्तावित है। 1,5,0000 नेत्र परीक्षण (निःशुल्क) 3000 चश्मे वितरित करने है। प्रसार की दर को 0.30 प्रतिशत लाना । –08 जनपदों, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, हरिद्वार, उधमसिंहनगर, बागेश्वर, पिथौरागढ़ तथा चम्पावत में पुनः सर्वेक्षण किया जायेगा। –राज्य स्तरीय लैब की स्थापना प्रस्तावित।		05 – ए–बी स्कैन अल्ट्रासाउण्ड 06 – स्लिट लैम्प 05 – नॉन कान्टैक्ट टोनोमीटर 10 – मोटोराईज्ड आपरेशनल टेबल विद चेयर 01 – आई0ओ0एल0 मास्टर 14 – कैटेरेक्ट सैट टाईटेनियम की मांग भारत सरकार से की गयी है। –100 प्रतिशत आयोजाइड नमक का प्रयोग ।		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	–**राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम** के अंतर्गत एड्स की संक्रमण दर शून्य करने हेतु जागरुकता 100 प्रतिशत करना। –**मलेरिया, डेंगू** की व्यापकता दर वर्ष 2012 तक 50 प्रतिशत कम करना। –शिशु मृत्यु दर , मातृ मृत्यु दर, सकल प्रजनन दर को कम करना। –संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना। –सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रथम संदर्भण इकाई के रुप में उच्चीकरण।			–प्रचार प्रसार। –सभी चिकित्सा अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण। –व्यापकता दर में 50 प्रतिशत की कमी। –सर्वेक्षण प्रचार प्रसार, बी0सी0सी0, आई0पी0सी0 –फॉगिंग, स्प्रे। –रोगियों का उपचार एवं प्रतिरक्षण। –वर्ष 2012 तक शिशु मृत्यु दर घटाकर 30 प्रति हजार लाना। –मातृ मृत्यु दर 100 प्रति लाख तक लाना। –सकल प्रजनन दर को 2.1 तक लाना। –संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना। –ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों में जनसामान्य को द्वितीय स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध		–एड्स जागरुकता दर 100 प्रतिशत लाना। –एच0आई0वी0 संक्रमण दर शून्य पर लाना तथा उपचार सुनिश्चित करना। –रक्तदान को पूर्णतः स्वैच्छिक रक्तदान पर निर्भर करना तथा रिप्लेसमेंट रक्तदान को लगभग पूर्णतः समाप्त करना। मलेरिया दर शून्य करना। – शिशु मृत्यु दर 38 प्रति हजार होगी । –मातृ मृत्यु दर 250 प्रति लाख होगी। –सकल प्रजनन दर 2.50 होगी। –संस्थागत प्रसव को वर्तमान अनुमानित 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया जायेगा। –सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रथम संदर्भ इकाई के रुप में उच्चीकरण तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 X 7 सेवा उपलब्ध कराई जायेगी।		

योजना/ कार्यक्रम का नाम	योजना का उद्देश्य	आउट ले		परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट		समय सीमा	परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम		समय सीमा
		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी		नान प्लान बजट	प्लान बजट/ नान बजटरी	
	–प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24×7 सेवा उपलब्ध कराया जाना। –संचारी तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम।			कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रथम संदर्भण इकाई के रुप में उच्चीकरण। –प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24×7 सेवा उपलब्ध कराया जाना ताकि जनसामान्य को मातृ एवं शिशु कल्याण सेवा दुर्गम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ हो सकें। –समेकित रोग निगरानी परियोजना के माध्यम से राज्य में संचारी तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम।			–रोगों की सूचना प्राप्त होने पर 48 घंटे के अंदर उसका सत्यापन तथा रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही। –लैबोरेटरी का सुदृढ़ीकरण।		

अध्याय– 03

विभाग में किये गये सुधारात्मक कार्य तथा नीतिगत पहल (Initiative)

1– संविदा पर चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु प्रत्येक मंगलवार को स्वास्थ्य महानिदेशालय में वॉक इन इंटरव्यू आयोजित किया जाता है तथा राज्य के बड़े चिकित्सालयों में विशिष्ट चिकित्सा उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सुपरस्पेशलिस्ट के पद सृजित किये गये।

2– राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों में चिकित्सकों की कमी को पूर्ण करने हेतु एलोपैथिक चिकित्सकों के पदों के विरुद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सकों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया।

3– चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा निदान केन्द्रों की स्थापना हेतु सरकार की अभिनव पहल :–

उत्तराखण्ड के निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो कि एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा शिक्षा हेतु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, को राष्ट्रीयकृत बैंकों से प्राप्त ऋण के सापेक्ष 50 प्रतिशत का आर्थिक अंशदान दिया जा रहा है।

4– प्रशिक्षण– चिकित्सा अधिकारियों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की कार्यकुशलता में वृद्धि हेतु उन्हें समय–समय पर आधुनिक विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है।

5– बड़े राजकीय चिकित्सालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

6– सार्वजनिक निजी सहभागिता– स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की कमी कारण जनसामान्य को आधुनिक चिकित्सा तथा निदान सुविधायें उपलब्ध कराने में कठिनाई उत्पन्न होती है। राज्य के असेवित दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध नहीं होने के कारण सार्वजनिक निजी सहभागिता के आधार पर इस गैप को पूर्ण करने का निम्नवत् प्रयास किया जा रहा है:–

दून चिकित्सालय देहरादून में लोक निजी सहभागिता के आधार पर एम0आर0आई0 मशीन का संचालन

राजकीय चिकित्सालयों में सघन उपचार को आधुनिक बनाने की पहल के अन्तर्गत दून चिकित्सालय देहरादून में लोक निजी सहभागिता के आधार पर एम0आर0आई0 मशीन की सुविधा प्रारम्भ की गयी है। यह सुविधा बी0पी0एल0 श्रेणी के रोगियों को निःशुल्क तथा ए0पी0एल श्रेणी के रोगियों को AIIMS की दरों पर उपलब्ध है। वर्ष–2011–12 तक का अद्यतन विवरण निम्नवत् है :–

क्र.स.	प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक		
	बी.पी.एल. श्रेणी	ए.पी.एल. श्रेणी	प्राप्त यूजर चार्जेज
1.	1175	2902	रु0 69.58 लाख

पं0 दीन दयाल उपाध्याय देवभूमि 108 आपातकालीन सेवा :– संकट की घड़ी में सामान्य जनता को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराते हुये निकटतम चिकित्सा इकाई तक निःशुल्क पहुँचाने के लिये पं0 दीन दयाल उपाध्याय देव भूमि 108 आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत सम्प्रति 139 एम्बुलेन्स सम्मिलित है।

- इस सेवा के अन्तर्गत राज्य के प्रत्येक विकासखण्डों को सम्मिलित करते हुए कुल 108 एम्बुलैंस को तैनात किया गया है।
- इस सेवा की उपयोगिता को देखते हुये 31 अतिरिक्त वाहन क्रय किये गये हैं, जिन्हें सुसज्जित करते हुये आकस्मिक सहायता के लिये लगाया जा रहा है।
- वर्ष 2011–12 में 108 सेवा के बेड़े में कुल 124 वाहन सम्मिलित है।
- 108 सेवा द्वारा अभी तक 2,33,000 आपात स्थितियों, तथा 82000 गर्भवती माताओं को आकस्मिक प्रसव के दौरान सहायता दी गयी है।एम्बुलैंस में 2000 बच्चों ने जन्म लिया है।
- 108 सेवा ने राज्य के महत्वपूर्ण कुंभ मेला के दौरान लगभग 7400 अति संवेदनशील आपात स्थितियों में लोगों को राहत देने का कार्य किया है।
- 108 सेवा का सुदृढ़ीकरण करते हुये इसे सुदूरवर्ती स्वास्थ्य सहायकों के प्रशिक्षण एवं उनके द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जीवनरक्षक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध किये जाने की जिम्मेदारी दी गयी है।
- 108 सेवा द्वारा राज्य के वृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकों को आपात स्थिति में मदद पहुँचाने के लिये उनका पंजीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इस योजना के तहत राज्य के प्रत्येक वृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकों को आपात स्थिति के दौरान इस सेवा की सहायता अतित्वरित गति से मिल पायेगी।
- 108 सेवा का सुदृढ़ीकरण करने की दिशा में सरकार द्वारा पूर्ण कालिक कार्यालय और प्रशिक्षण केन्द्र उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था स्वास्थ्य महानिदेशालय के नवनिर्मित भवन में स्थानान्तरित होने के उपरान्त दी जायेगी।

108 सेवा की उपयोगिता को देखते हुये सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि इसके द्वारा संचालित आपातकालीन एम्बुलेंस केवल चिकित्सालय तक ले जाने का ही कार्य नहीं करेगी बल्कि पीड़ित व्यक्ति को चिकित्सा सहायता के उपरान्त उसके घर तक छोडने का कार्य भी करेगी।

Year	Pregnancy	Others Patients	Police	Fire	Total Emergencies
1	2	3	4	5	6
2008 (From 15 May)	6003	14674	1376	7	**22060**
2009	37639	61048	1195	20	**99902**
2010	40236	68057	3684	18	**111995**
2011 (Till 25 Feb)	5921	8786	724	4	**15435**
GRAND TOTAL	**89799**	**152565**	**6979**	**49**	**249392**

I. सचल चिकित्सा वाहनों का संचालन

राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खून की जांच, ई0सी0जी0, अल्ट्रासाण्उड, एक्स–रे आदि उपकरणों से सुज्जित 13 सचल वाहन पी0पी0पी0 मोड में संचालित किये जा रहे है, जिसमें मेडिकल आफिसर, फिजिशियन, रेडियोलाजिस्ट, नर्स, टेक्निशियन, फार्मसिस्ट एवं बहुदेशीय कर्मियों की तैनाती का प्राविधान है, प्रत्येक जनपद माह में 15 कैम्प आयोजित किये जाते हैं। योजना की मार्च–2012 तक की अद्यतन प्रगति निम्नवत् है :–

आयोजित शिविरों की संख्या	कुल रोगियों की संख्या	गर्भवती महिलाओं की संख्या	आल्ट्रा साऊण्ड		एक्स रे		ई0सी0जी0		पैथोलॉजी		प्राप्त यूजर चार्जेज (लाख रु0 में)
			एपीएल	बीपीएल	एपीएल	बीपीएल	एपीएल	बीपीएल	एपीएल	बीपीएल	
7043	**522936**	**28891**	**77564**	**48113**	**52242**	**28933**	**13407**	**7315**	**233962**	**112783**	**128.97 लाख**

II. पं0 दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, देहरादून में नैफ्रोडायलिसिस यूनिट की स्थापना

उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल में राजकीय अस्पतालों में डायलिसिस मशीनें तथा सम्बन्धित विशेषज्ञ पर्याप्त संख्या में नहीं होने के कारण नैफ्रोलॉजी सेंन्टर की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए लोक निजी सहभागिता के अंतर्गत राज्य सरकार ने अपोलो चिकित्सालय, चेन्नई से

दिनांक 23.02.2010 को 05 वर्ष का एम0ओ0यू0 किया है जिसके अंतर्गत अपोलो चिकित्सालय, चेन्नई ने पं0 दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय, देहरादून में नैफ्रोडायलिसिस युनिट की स्थापना माह अगस्त 2010 में की गयी है। इस युनिट में बी0पी0एल0 रोगियों के लिये निःशुल्क डायलिसिस का प्राविधान किया गया है। वर्ष–2011–12 में 6776 रोगियों का उपचार इस युनिट में किया गया है जिसमें से 3318 रोगी बी0पी0एल0 श्रेणी के हैं। नैफ्रोलॉजी सेंन्टर की स्थापना पी0पी0पी0 मोड़ में Built, Operate and Transfer(BOT) माडल के अन्तर्गत की गयी हैं तथा राज्य सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय के प्रथम तल में इस हेतु 480 वर्ग मीटर का स्थान उपलब्ध कराया गया हैं। बिजली पानी की सुविधायें सरकार द्वारा तथा Recurring Cost प्राईवेट पार्टनर द्वारा वहन किया जा रहा हैं।

प्राईवेट पार्टनर द्वारा 13 डायलिसिस मशीन, जल शोधन ईकाई, वातानुकूल संयंत्र तथा अन्य आवश्यक उपकरणों का क्रय, स्थापना तथा संचालन किया गया है, साथ ही इससे सम्बन्धित मेडिकल एवं तकनीकी स्टाफ प्राईवेट पार्टनर द्वारा ही रखा जा रहा हैं जिसका व्ययभार प्राईवेट पार्टनर द्वारा ही उठाया जा रहा हैं।

नैफ्रोलॉजी सेंन्टर का संचालन प्रतिदिन 16 घण्टे तथा अवकाश के दिनों में भी किया जायेगा।

बी0पी0एल0, एच0आई0वी0 तथा हिपैटाईटिस मरीजों के लिये यह सुविधा निःशुल्क हैं जबकि सामान्य रोगियों के लिये रु0 150/– प्रति डायलिसिस प्रक्रिया ली जायेगी। Comsumables की लागत अलग होगी जो कि एम0आर0पी0से 15 प्रतिशत कम पर उपलब्ध होगी।

राज्य सरकार द्वारा मैसर्स अपोलो हास्पिटल चैन्नई को प्रति डायलिसिस प्रक्रिया रु0 936/– का भुगतान किया जा रहा हैं।

III. हैल्थ स्मार्ट कार्ड योजना

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य के नियमित सरकारी कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत्त) एवं उनके परिवार के सदस्यों को नकद रहित चिकित्सा सुविधा (Cash less Medical Facilities) उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से हैल्थ स्मार्ट कार्ड योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है:–

- उक्त योजना का क्रियान्वयन महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा नोडल विभाग के रूप में किया जायेगा। राजकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों हेतु राज्य स्मार्ट कार्ड योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिनांक 01 अक्टूबर 2010 को कंपनी Ms.MD India health care services (TPA) Pvt Ltd पूणे के साथ शासन द्वारा एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किया गया है तथा योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ हो गया है।
- चयनित संस्था द्वारा राज्य के अंदर एवं अन्य राज्यों में सरकारी/गैर सरकारी चिकित्सालयों को चिन्हित (empanelled) किया जायेगा।
- कोई भी राज्य कर्मचारी या उसके परिवार का सदस्य आवश्यकता पड़ने पर चिन्हित चिकित्सालयों में भर्ती होकर अपना इलाज करवा सकता है तथा इसके लिये कर्मचारी को चिकित्सालय को कोई भी भुगतान नही करना होगा ।
- उक्त योजना सरकारी कार्मिकों के लिय स्वैच्छिक (Optional) होगी ।

- चयनित संस्था राज्य कर्मचारियों को स्मार्ट कार्ड जारी करेंगी जिसमें कर्मचारी तथा उसके परिवार का सम्पूर्ण ब्योरा होगा।
- इस योजना में सम्मिलित कर्मचारी द्वारा अपने वेतन से वार्षिक योगदान दिये जाने का प्रावधान है। कार्मिकों से अंशदान प्राप्त किये जाने हेतु ग्रेड पे के अनुसार निर्धारित किया गया है।
- राज्य कर्मचारियों द्वारा दिये जाने वाले वार्षिक अंशदान की कटौती सम्बन्धित कोषागार में वेतन/पेंशन से की जायेगी । कार्यदायी संस्था कर्मचारियों का डाटा बेस निदेशक, कोषागार अथवा सम्बन्धित कोषागार से प्राप्त करेगा । स्मार्ट कार्ड बनाने हेतु सम्बन्धित संस्था विभिन्न कार्यालयों में शिविर आयोजित करेगी तथा इस हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा ।
- चिन्हित चिकित्सालयों से प्राप्त चिकित्सा उपचार बिलों का भुगतान चिकित्सा महानिदेशालय में स्थापित स्मार्ट कार्ड प्रकोष्ठ द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा ।
- वर्ष–2011–12 तक कुल 5591 कार्डो बनाये जा चुके है।
- अप्रैल–2011 से मार्च–2012 तक कुल 1260 क्लेम विभिन्न अस्पतालों में किये गये, जिसकी कुल राशि रू0–8034139.83 आवंटित की गयी है।

IV. राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2008 को शुरूआत की गयी जिसमें गरीबी रेखा जीवन करने वाले परिवारों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है।
- भारत सरकार के श्रम एवं रोजगाार मंत्रालय द्वारा यह योजना प्रारम्भ की गई।
- भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में उक्त योजना को श्रम विभाग से चिकित्सा विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है।
- 01 दिसम्बर 2008 को उत्तराखण्ड राज्य के जनपद देहरादून एवं ऊधमसिंहनगर में राज्य श्रम मंत्रालय द्वारा उक्त योजना का शुभारंभ किया गया।
- प्रथम चरण वर्ष 2009–10 में आर0एस0बी0वाई0 जनपद देहरादून एवं ऊधमाहिनगर में शुरू की गई है।
- द्वितीय चरण में 01 नवम्बर 2010 से उत्तराखण्ड राज्य के समस्त 13 जनपदों में इस योजना को संचालित कर दिया गया है।
- उक्त योजना के अंतर्गत इन्योरेन्स कंपनी द्वारा बी0पी0एल0 परिवार के 5 सदस्यों को एक स्मार्ट कार्ड बनाया जाता है जिस हेतु रु0 30.00 व्यय करना पडता है। उसके सापेक्ष परिवार के पांचों सदस्यों को अधिकतम रु0 30,000 तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ चिन्हित चिकित्सालयों में प्राप्त किया जा सकता है।

- इस स्मार्ट कार्ड द्वारा भारत के सभी राज्यो कें राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत चिन्हित सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सालयों में चिकित्सा सुविधा प्राप्त की जा सकती है
- उक्त योजना में यह भी प्राविधान है कि यदि परिवार का कोई सदस्य जिले/ राज्य से अन्य जिले/राज्य में कार्यरत हो तो आवश्यकतानुसार इस स्मार्ट कार्ड की Splitting की जा सकती है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत दिनांक 25.02.2011 तक 3,25,017 बी0पी0ए0 परिवारों को हैल्थ स्मार्ट कार्ड वितरित किये गये हैं । सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सालयों द्वारा 4430 केस के विरूद्ध रू0 252.48 लाख के क्लेम किये गये हैं जिसके सापेक्ष बीमा कम्पनियों द्वारा रू0 136.69 लाख के केस निस्तारित किये गये हैं।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत वर्ष–2011–12 में कुल 183617 कार्ड निर्गत किये जा चुके है। 6368 लाभार्थियों ने इसका लाभ उठाया है। इन चिकित्सा सेवाओं में कुल धनराशि 39146595 का व्यय इन्श्योरेन्स कम्पनी द्वारा उठाया गया है।

V. उत्तराखण्ड के रोगियों में परिचरों हेतु दिल्ली में रात्रि विश्राम गृह की व्यवस्था

उत्तराखण्ड के रोगियों को तृतीय स्तर की चिकित्सा सुविधा लाभ प्राप्त करने के लिए अधिकांशतः दिल्ली जाना पड़ता है दिल्ली में रोगियों को सम्बंधित चिकित्सा संस्थान में उपचार हेतु भर्ती करने के उपरान्त सन्दर्भित रोगियों के परिचरों को दिल्ली में विश्राम के लिए अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । इस समस्या के निदान हेतु राज्य सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत एम्स एवं जी0वी0पन्त चिकित्सालय के अन्तर्गत दिल्ली सन्दर्भित रोगियों के परिजनों को रात्रि विश्राम के लिए युसूफ सराय नई दिल्ली में दिनांक 13.11.2007 से 10 कमरों के विश्राम गृह की व्यवस्था की गयी है, जिसका प्रतिमाह रू0 72500.00 का भुगतान किया जाता है। अब तक उक्त सुविधा का लाभ 987 परिजनों द्वारा प्राप्त किया गया है ।

7– सार्वजनिक निजी सहभागिता के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2011–12 में प्रस्तावित नई पहल–

I. नभ/जल एम्बुलेन्स सेवा

राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियां है अतिवृष्टि दैवी आपदाओं के समय दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के मार्ग अवरुद्ध हो जाते है, जिसके कारण दैवीय आपदा/गम्भीर रोगों से पीड़ित जनसामान्य को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जा सकती है। उक्त परिस्थितियों के समाधान एवं प्रभावितों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने हेतु नभ एवं जल एम्बुलेन्स सेवा प्रस्तावित की गयी है।

जल एम्बूलेंस सेवा हेतु नौकाओं के क्रय की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण हो जायेगी तथा सम्बंधित फर्म को क्रयादेश निर्गत कर दिये जायेंगे।

